# AI अपनाने से बढ़ेगी उद्योगों की कार्यकुशलता



**कोलकाता :** "AI फॉर बिजनेस: फ्रॉम अवेयरनेस टू एक्शन" विषय पर पैनल परिचर्चा आयोजित की गयी। इसमें उद्योग जगत, वित्तीय क्षेत्र और तकनीकी विशेषज्ञों ने व्यवसायों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, डिजिटल सुरक्षा और विकास की संभावनाओं पर चर्चा की। कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अनंत सहरिया ने कहा कि AI अब भविष्य की तकनीक नहीं, बल्कि मौजूदा व्यावसायिक जरूरत बन चुका है। ए1 फ्यूचर टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन श्रीश अग्रवाल ने ऑटोमेशन और जनरेटिव AI से उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के जय प्रसाद ने बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी रोकने और जोखिम प्रबंधन में AI की भूमिका बताई। मल्टीटेक सॉल्यूशंस के आदित्य विक्रम झुनझुनवाला ने डेटा तैयारी और कर्मचारियों के कौशल विकास को जरूरी बताया। चैंबर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग झुनझुनवाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।